# ई-गवर्नेंस के लिए यूपी को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

**उपलब्धि**

लखनऊ,विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही योगी सरकार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में ई-गवर्नेंस के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 'डिलीवरी प्वाइंट हेल्थ फैसिलिटीज' के लिए शुरू की गई परियोजना-पहल 'मां नवजात ट्रैकिंग एप्लिकेशन' (मंत्रा) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश (एनएचएम-यूपी) को सिल्वर अवार्ड से सम्मानित करने के लिए चुना है।

एनएचएम-यूपी को यह नेशनल अवार्ड श्रेणी-1 के तहत गवर्नमेंट प्रॉसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के तहत ई-गवर्नेंस योजना 2023 के लिए दिया जा रहा है। सिल्वर अवार्ड के तहत एनएचएम-यूपी को इस परियोजना के लिए प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ 5 लाख रुपये नकद प्रदान दिया जाएगा।